पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मंत्रिपरिषद ने मकान किराए भत्ते की 01 दिसम्बर, 2008 से लागू दरों को 01 जुलाई, 2018 से दोगुना करने का निर्णय लिया

## इस निर्णय से राज्य कर्मचारी, राजकीय/सहायता प्राप्त शिक्षक/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी लाभान्वित होंगे

## ऐसे स्थानीय निकाय, स्वशासी संस्थाओं तथा सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों के कार्मिक भी लाभान्वित होंगे, जिनमें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लागू किया गया है

## मकान किराया भत्ता को दोगुना किए जाने के निर्णय से 2223 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार आएगा

**लखनऊ : 17 जुलाई, 2018**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज यहां लोक भवन में सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में मकान किराए भत्ते की 01 दिसम्बर, 2008 से लागू दरों को 01 जुलाई, 2018 से दोगुना करने का निर्णय लिया गया है। (तुलनात्मक विवरण **संलग्नक–2** पर उपलब्ध है) मकान किराया भत्ता के सम्बन्ध में वेतन समिति की संस्तुतियों को वित्त विभाग के प्रस्ताव के अनुसार लागू किए जाने से राज्य कर्मचारी, राजकीय/सहायता प्राप्त शिक्षक/प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी लाभान्वित होंगे। ऐसे स्थानीय निकाय, स्वशासी संस्थाओं तथा सार्वजनिक उपक्रमों/निगमों के कार्मिक भी लाभान्वित होंगे, जिनमें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लागू किया गया है।

इस निर्णय से प्रदेश के 8.52 लाख राज्य कर्मचारी, 5.50 लाख शिक्षक एवं 01 लाख शिक्षणेत्तर कर्मचारी, कुल 15.02 लाख कर्मचारी आच्छादित होंगे। मकान किराया भत्ता को दोगुना किए जाने के निर्णय से 2223 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार आएगा। ज्ञातव्य है कि 01 दिसम्बर,

2008 से लागू दरों में 01 अगस्त, 2016 से 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी, जिस पर 500 करोड़ रुपए का वार्षिक व्यय भार वहन किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप वर्तमान में 1723 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वार्षिक व्यय भार आएगा।

उल्लेखनीय है कि वेतन समिति (2016) द्वारा सातवें प्रतिवेदन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के भत्तों एवं सुविधाओं के सम्बन्ध में संस्तुतियां दी गई हैं। मकान किराया भत्ता अनुमन्य किए जाने हेतु नगरों का वर्तमान वर्गीकरण तथा वेतन समिति (2016) की संस्तुतियों पर लिए गए निर्णय के अनुसार किए जा रहे वर्गीकरण का तुलनात्मक विवरण **संलग्नक–1** पर उपलब्ध है।

नये वर्गीकरण के फलस्वरूप फिरोजाबाद नगर दूसरे स्तर से उच्चीकृत होकर उच्चतम श्रेणी में आ जाएगा। इसी प्रकार कुल 16 नगरीय क्षेत्र यथा लहरपुर, बिस्वां, महमूदाबाद, आंवला, सण्डीला, स्योहारा (बिजनौर), अतरौली, गुलावटी (बुलन्दशहर), सरधना, वृन्दावन, कोशीकलां, टूण्डला, अयोध्या, गजरौला, काल्पी तथा ग्रेटर नोएडा अवर्गीकृत श्रेणी से उच्चीकृत होकर दूसरे स्तर में आ जाएंगे।

वेतन समिति की संस्तुतियों में से मकान किराया भत्ता के सम्बन्ध में दी गई संस्तुतियों पर सम्यक विचारोपरान्त लिए गए निर्णय के फलस्वरूप राज्य कर्मचारी, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों पर आने वाले व्यय भार के साथ–साथ कतिपय नगरों की श्रेणी उच्चीकृत होने तथा ए0सी0पी0 के फैक्टर को सम्मिलित करते हुए निम्नवत् अतिरिक्त व्यय भार अनुमानित हैः–

| समूह / वेतनमान | कर्मचारियों की संख्या | अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार (रू0) |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| समूह–'क' / रू0 67,700–2,08,700 से रू0 2,25,000 | 18,672 | रू0 84.00 करोड़ |
| समूह–'ख' / रू0 44,900–1,42,400 से रू0 56,100–1,77,500 | 48,226 | रू0 136.04 करोड |
| समूह–'ग' / रू0 19,900–63,200 से रू0 35,400–1,12,400 | 5,84,580 | रू0 765.85 करोड |
| समूह–'घ' / रू0 18,000–56,900 | 2,00,751 | रू0 206.55 करोड |
| **कुल राज्य कर्मचारी** | **8,52,229** | **रू0 1192.44 करोड़** |
| **शिक्षक** | **5,50,000** | **रू0 769.55 करोड** |
| **शिक्षणेत्तर कर्मचारी** | **1,00,000** | **रू0 139.92 करोड** |
| **नगरों के उच्च श्रेणी में जाने पर अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार** | **01 नगर श्रेणी 'अ' में 16 नगर श्रेणी 'ब' में** | **रू0 121.33 करोड़** |
| **योग** | **15,02,229** | **रू0 2223.24 करोड़** |
| **दिनांक 01 अगस्त, 2016 से 20 प्रतिशत वृद्धि पर वहन किया जा रहा व्ययभार** | **—** | **रू0 500 करोड़** |
| **अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार** | **—** | **रू0 1723.24 करोड़** |

संलग्नक–1

## नगरों के वर्गीकरण का तुलनात्मक चार्ट

| वर्तमान वर्गीकरण | | संशोधित वर्गीकरण | |
|---|---|---|---|
| जनसंख्या (2001 की जनगणना के अनुसार) | नगर की श्रेणी | जनसंख्या (2011 की जनगणना के अनुसार) | नगर की श्रेणी |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 20 से 50 लाख | 'ए' | 5 लाख एवं इससे अधिक | 'अ' यथा – लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, इलाहाबाद, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर, नोएडा क्षेत्र (गौतमबुद्ध नगर), गाजियाबाद, अलीगढ़, फिरोजाबाद, झांसी, सहारनपुर तथा मुरादाबाद के शहरी क्षेत्र। |
| 10 से 20 लाख | 'बी–1' | | |
| 05 से 10 लाख | 'बी–2' उक्त तीनों श्रेणी में शामिल नगर में मकान किराया भत्ते की दरें एक समान हैं तथा इनमें सम्मिलित नगर निम्नवत् हैं– लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, इलाहाबाद, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर, नोएडा क्षेत्र (गौतमबुद्ध नगर), गाजियाबाद, अलीगढ़, झांसी, सहारनपुर तथा मुरादाबाद के शहरी क्षेत्र। | | |
| 50,000 से 05 लाख | 'सी' | श्रेणी–'अ' के अतिरिक्त शेष सभी जिला मुख्यालय तथा 50,000 एवं अधिक परन्तु 05 लाख से कम | 'ब' |
| 50,000 से कम | अवर्गीकृत | उपर्युक्त श्रेणियों के अतिरिक्त अन्य समस्त नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र | 'स' |

संलग्नक–2

**वेतन समिति की संस्तुतियों पर विचारोपरान्त मकान किराये भत्ता के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के फलस्वरूप दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 से लागू मकान किराये भत्ते की दरें दिनांक 01 जुलाई, 2018 से संशोधित होकर निम्नवत् हो जायेंगी :—**

| क0 सं0 | ग्रेड–वेतन/ वेतनमान (रू0)/मैट्रिक्स लेवल | श्रेणी–ए, बी–1 तथा बी–2 के नगरों में दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 से लागू दरें (रू0) | श्रेणी–'अ' के नगरों में दिनांक 01 जुलाई, 2018 से प्रस्तावित दरें (रू0) | श्रेणी–सी के नगरों में दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 से लागू दरें (रू0) | श्रेणी–'ब' के नगरों में दिनांक 01 जुलाई, 2018 से प्रस्तावित दरें (रू0) | अवर्गीकृत श्रेणी के क्षेत्र में दिनांक 01 दिसम्बर, 2008 से लागू दरें (रू0) | श्रेणी–'स' (अवर्गीकृत) के नगरों में दिनांक 01 जुलाई, 2018 से प्रस्तावित दरें (रू0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (7) | (4) | (8) | (5) | (9) |
| 1 | 1800/लेवल–1 | 1100 | 2200 | 550 | 1100 | 365 | 730 |
| 2 | 1900/लेवल–2 | 1160 | 2320 | 580 | 1160 | 385 | 770 |
| 3 | 2000/लेवल–3 | 1200 | 2400 | 600 | 1200 | 400 | 800 |
| 4 | 2400/ लेवल–4 | 1470 | 2940 | 735 | 1470 | 490 | 980 |
| 5 | 2800/ लेवल–5 | 1670 | 3340 | 830 | 1660 | 555 | 1110 |
| 6 | 4200/ लेवल–6 | 2020 | 4040 | 1010 | 2020 | 670 | 1340 |
| 7 | 4600/ लेवल–7 | 2760 | 5520 | 1380 | 2760 | 920 | 1840 |
| 8 | 4800/ लेवल–8 | 2810 | 5620 | 1405 | 2810 | 935 | 1870 |
| 9 | 5400/ लेवल–9 एवं 10 | 3150 | 6300 | 1575 | 3150 | 1050 | 2100 |
| 10 | 6600/ लेवल–11 | 3780 | 7560 | 1890 | 3780 | 1260 | 2520 |
| 11 | 7600/ लेवल–12 | 4480 | 8960 | 2240 | 4480 | 1490 | 2980 |
| 12 | 8700/ लेवल–13 | 6910 | 13820 | 3455 | 6910 | 2300 | 4600 |
| 13 | 8900/ लेवल–13क | 7280 | 14560 | 3640 | 7280 | 2430 | 4860 |
| 14 | 10000/ लेवल–14 | 8200 | 16400 | 4100 | 8200 | 2730 | 5460 |
| 15 | 12000 (67000–79000)/ लेवल–15 | 9200 | 18400 | 4600 | 9200 | 3000 | 6000 |
| 16 | 75500–80000/ लेवल–16 | — | 19700 | — | 9850 | — | 6500 |
| 17 | वेतनमान 80000 नियत/ लेवल–17 | 10500 | 21000 | 5250 | 10500 | 3500 | 7000 |

———————

**PN-CM-Cabinet Decision (HRA)-17 July, 2018.doc**